**मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक 16.07.2026 को आहूत बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लि० (वेजफेड) की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति : –**

1. सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना।
2. कृषि निदेशक, कृषि विभाग, बिहार, पटना।
3. निदेशक, (खाद्य प्रसंस्करण), उद्योग विभाग बिहार, पटना।
4. महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार, सेवाएँ बिहार, पटना।
5. निदेशक, बिहार राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना।

बैठक वेजफेड की कार्य योजना के प्रस्तुतिकरण के साथ प्रारंभ की गई। सचिव, सहकारिता विभाग द्वारा बताया गया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य त्रिस्तरीय सहकारी संरचना के माध्यम से कार्य करते हुए सब्जी आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावी बनाना, फसलोत्तर क्षति को कम करना एवं किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य दिलाना है। साथ ही वर्तमान में संचालित योजनाओं एवं वेजफेड की अब तक की उपलब्धियों के विषय में प्रकाश डाला गया।

रणनीतिक रोड मैप अंतर्गत अधिसंरचना/आधारभूत संरचना के विस्तारीकरण यथा–पंचायत स्तरीय सब्जी संग्रहण केंद्र की स्थापना, प्रखंड स्तरीय आधारभूत संरचना का निर्माण एवं जिला स्तरीय सब्जी हब, लॉजिस्टिक्स सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत वाहनों की उपलब्धता, बाजार सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत तरकारी आउटलेट (निर्माण/रेंटल) एवं सब्जी विक्रेता ऑनबोर्डिंग पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दी गयी।

उक्त के आलोक में निम्नवत निदेश दिए गए:–

1. **बुनियादी अधिसंरचना विकास :–**

- निर्देश दिया गया कि वेजफेड की जिन संरचनाओं के निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है, उनके आवंटन के लिए जिलाधिकारियों के साथ मुख्य सचिव की आगामी बैठक हेतु एजेंडा तैयार किया जाए।
- वेजफेड की परियोजनाओं में Public-Private Partnership (PPP) /ज्वाइंट वेंचर हेतु स्थानीय कृषि स्टार्टअप्स/कम्पनियाँ जैसे 'देहात', रिलायंस फ्रेश, बिग बास्केट, गोदरेज यम्मिज आदि के साथ संभावनाओं को तलाशने का सुझाव दिया गया ।
- बिहार के मैप पर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों द्वारा निर्माण किये जा रहे आधारभूत संरचना की वर्तमान स्थिति को दर्शाए जाने का निदेश दिया गया। यह भी निदेश दिया गया कि पूर्ण संरचनाओं का बेहतर प्रबंधन कर आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जाय। शेष निर्माणाधीन संरचनाओं को भी शीघ्र पूरा करवायें।

**2 . सब्जी और मछली आउटलेट का एकीकरण:–**

- उपभोक्ताओं की संख्या और व्यावसायिक व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए रिटेल आउटलेट के रणनीतिक एकीकरण किया जाए।
- वेजफेड के तरकारी आउटलेट को राज्य के प्रस्तावित ''फ्रेश कैच'' आउटलेट के साथ सह–स्थापित करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए। शहरी क्षेत्रों में इन आउटलेट्स को अगल–बगल स्थापित करने से ग्राहकों के लिए खरीदारी का एक सुविधाजनक अनुभव तैयार होगा।
- डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के साथ सहकारिता विभाग समन्वय स्थापित कर मुख्य सड़कों जैसे मरीन ड्राइव, पटना और अन्य चिन्हित शहरी बाजार स्थलों पर संयुक्त खुदरा आउटलेट विकसित करने की व्यवहार्यता का परीक्षण किया जाय।

3. **स्थानीय ग्रामीण बाजारों /हाटों का आधुनिकीकरण:–**

- पारंपरिक हाटों में अक्सर बुनियादी सुविधाओं का अभाव होता है, जिससे किसानों /उपभोक्ताओं के लिए स्वच्छता की समस्या उत्पन्न होती है। वेजफेड के प्रस्तावित पंचायत स्तर और ब्लॉक स्तर के बुनियादी ढांचे का विकास उन स्थानों पर भी किया जाए जहां पारंपरिक हाट पहले से मौजूद हैं ताकि उनका आधुनिकीकरण किया जा सके।

4. **चरणबद्ध क्रियान्वयन: –**

- प्रारंभिक चरण में परियोजनाओं को राज्य की राजधानी पटना या उच्च सब्जी उत्पादन वाले क्षेत्रों जैसे– वैशाली, समस्तीपुर, छपरा, मुंगेर, नालंदा आदि में चिन्हित कर पूर्ण रूप से पायलट के आधार पर क्रियाशील करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय। पायलट स्थानों पर सफलतापूर्वक परिचालन, निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और सकारात्मक किसान जुड़ाव प्रदर्शित कर इस मॉडल को अन्य प्रखंडों/पंचायतों में लागू किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

**मुख्य सचिव,**
**बिहार**

22/07/26

कार्यालय, बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लि० (वेजफेड), पटना।

ज्ञापांक 953 दिनांक 24/07/2026

प्रतिलिपि:- सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार पटना / कृषि निदेशक, कृषि विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, (खाद्य प्रसंस्करण), उद्योग विभाग बिहार, पटना / महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार, सेवाएँ बिहार, पटना / निदेशक, बिहार राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना / निबंधक, स० स०, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

वरीय प्रभारी पदाधिकारी
वेजफेड, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 953 दिनांक 24/07/2026

प्रतिलिपिः- सभी जिला पदाधिकारी, राज्य अंतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

वरीय प्रभारी पदाधिकारी
वेजफेड,बिहार, पटना।

ज्ञापांक 953 दिनांक 24/07/2026

प्रतिलिपिः- सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, वेजफेड अंतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। / सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-उपमुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, वेजफेड अंतर्गत / वेजफेड के कार्य हेतु कार्यभारित सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं निदेश है कि जिला पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर वेजफेड अंतर्गत संरचनाओं के निर्माण हेतु भूमि आवंटन एवं अन्य कार्य की समीक्षा करायी जाय।

वरीय प्रभारी पदाधिकारी
वेजफेड,बिहार, पटना।

ज्ञापांक 953 दिनांक 24/07/2026

प्रतिलिपिः- वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित / राज्य प्रबंधक (IT&MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को वेजफेड की वेबसाइट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें / श्री संजीव कुमार सुमन, PMC टीम लीड, वेजफेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

वरीय प्रभारी पदाधिकारी
वेजफेड,बिहार, पटना।